# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 25-01-25 | 1 | 4 |

## एचएयू वीसी प्रो. काम्बोज की कार्य अवधि चार साल बढ़ी

**हिसार** | कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चार वर्ष की एक और कार्य अवधि मिल गई है। इसका फैसला प्रबंधन मंडल की बैठक में बुधवार को लिया गया। प्रो. बी.आर. काम्बोज द्वारा कृषि शोध, शिक्षा व विस्तार सहित किसानों के हित में उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं। उनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में एचएयू ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाई है। बतौर कुलपति उन्होंने विश्वव द्यालय में विभिन्न नये अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ एमओयू करवाकर विद्यार्थियों को लाभान्वित किया है व वैज्ञानिकों की भी कार्यक्षमता का अधिक विकास करवाया है।



प्रो. काम्बोज 16 अप्रैल 2020 को विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए थे। कुलपति बनने से पूर्व प्रो. काम्बोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव भी रह चुके हैं। प्रो. काम्बोज एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक रहे हैं। इस फैसले से एचएयू के अधिकारियों, वैज्ञानिकों व कर्मचारियों में खुशी की लहर है व बधाई देने वालों का तांता लग गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 25-01-25 | 1 | 7-8 |

# हकृवि के वीसी बने रहेंगे प्रो. बीआर काम्बोज, चार साल का सेवा विस्तार

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बने रहेंगे। उनका चार वर्ष का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। इसका फैसला प्रबंधन मंडल की बैठक में बुधवार को लिया गया। प्रो. बीआर काम्बोज के द्वारा कृषि शोध, शिक्षा, व विस्तार सहित किसानों के हित में किए गए कार्य को देखते हुए मंडल ने उनका कार्यकाल बढ़ाने पर मुहर लगाई। इसके अलावा हकृवि ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाई है। गौरतलब है कि प्रो. काम्बोज 16 अप्रैल 2020 को विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए थे। कुलपति बनने से पूर्व प्रो. काम्बोज कुलसचिव भी रह चुके हैं। प्रो. काम्बोज एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक रहे हैं।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज • पीआरओ

**प्रो. काम्बोज के नेतृत्व में हकृवि ने बनाई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान, नैक की ओर से मिला ए प्लस ग्रेड**

**16 अप्रैल 2020 को हरियाणा कृषि विवि के कुलपति हुए थे नियुक्त**

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 25-01-25 | 1 | 1-2 |

## एचएयू वीसी प्रो. काम्बोज़ की सेवा अवधि चार वर्ष और बढ़ी

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज का कार्यकाल 4 वर्ष और बढ़ा दिया गया है। हाल ही में हुई प्रबंधन मंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। प्रो. काम्बोज द्वारा कृषि शोध, शिक्षा, व विस्तार सहित किसानों के हित में उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं। उनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हकृवि ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाई है। कुलपति के तौर पर उन्होनें विश्वविद्यालय में विभिन्न नए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ एमओयू करवाकर विद्यार्थियों को लाभान्वित किया है व वैज्ञानिकों की भी कार्यक्षमता का अधिक विकास करवाया है। प्रो. काम्बोज 16 अप्रैल 2020 को विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए थे। कुलपति बनने से पूर्व प्रो. कम्बोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव भी रह चुके हैं। प्रो. काम्बोज एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक रहे हैं।



**प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया फैसला**

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 25-01-25 | 5 | 5 |

## एचएयू के कुलपति प्रो. कांबोज को मिली चार वर्ष की एक और कार्य अवधि

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज को चार वर्ष की एक और कार्य अवधि मिल गई है जिसका फैसला प्रबंधन मंडल की बैठक में बुधवार को लिया गया।



प्रो. बीआर कांबोज।

प्रो. कांबोज के नेतृत्व में कृषि शोध, शिक्षा, व विस्तार सहित किसानों के हित में उत्कृष्ट कार्य किए गए। इस दौरान एचएयू ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाई है।

गौरतलब है कि प्रो. कांबोज 16 अप्रैल 2020 को विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए थे। कुलपति बनने से पूर्व प्रो. कांबोज विश्वविद्यालय के कुलसचिव भी रह चुके हैं। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 25-01-25 | 5 | 7-8 |

## हकृवि कुलपति प्रो. काम्बोज को मिली चार वर्ष की एक और कार्य अवधि

हिसार, 24 जनवरी (ब्यूरो): कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चार वर्ष की एक और कार्य अवधि मिल गई है जिसका फैसला प्रबंधन मंडल की बैठक मे बुधवार को लिया गया। प्रो. बी.आर. काम्बोज के द्वारा कृषि शोध, शिक्षा, व विस्तार सहित किसानों के हित में उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं। गौरतलब है कि प्रो. काम्बोज 16 अप्रैल 2020 को विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए थे। कुलपति बनने से पूर्व प्रो. काम्बोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव भी रह चुके हैं। प्रो. काम्बोज एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक रहे हैं।



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 25.01.25 | | |

## हकृवि कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज को मिली चार वर्ष की एक और कार्य अवधि

### हकृवि ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाई है, अधिकारियों व कर्मचारियों ने दी बधाई



सिटीपल्स न्यूज, हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चार वर्ष की एक और कार्य अवधि मिल गई है जिसका फैसला प्रबंधन मंडल की बैठक में बुधवार को लिया गया।

प्रो. बी.आर. काम्बोज के द्वारा कृषि शोध, शिक्षा, व विस्तार सहित किसानों के हित में उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं। उनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हकृवि ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाई है। बतौर कुलपति उन्होंने विश्वविद्यालय में विभिन्न नये अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ एमओयू करवाकर विद्यार्थियों को लाभान्वित किया है व वैज्ञानिकों की भी कार्यक्षमता का अधिक विकास करवाया है। गौरतलब है कि प्रो. काम्बोज 16 अप्रैल 2020 को विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए थे। कुलपति बनने से पूर्व प्रो. काम्बोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव भी रह चुके है। प्रो. काम्बोज एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक रहे है। इस फैसले से हकृवि के अधिकारियों, वैज्ञानिकों व कर्मचारियों में खुशी की लहर है व बधाई देने वालों का तांता लग गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि. भूमि | 25-01-25 | 11 | 7-8 |




हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मतदाता दिवस की शपथ दिलाते हुए।

# मतदाता लोकतंत्र का स्तंभ : प्रो. काम्बोज

- एचएयू में मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, कुलपति ने दिलाई शपथ
- कुलपति बोले, लोकतांत्रिक देश की सरकार बनाने में सबसे बड़ी भूमिका मतदाताओं की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि हमें लोकतांत्रिक देश का नागरिक होने के नाते अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इस दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन गरिमा को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा या अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। कुलपति प्रो. काम्बोज शुक्रवार को विश्वविद्यालय में मतदाता दिवस के अवसर पर कुलपति सचिवालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिला रहे थे। कुलपति ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश की सरकार बनाने में सबसे बड़ी भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं को वोट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मतदाता लोकतंत्र का स्तंभ हैं। इसलिए हमें देश के लिए निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और विभागों में भी 15वें मतदाता दिवस के अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

## ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, डॉ. वीके बतरा, एसवीसी कपिल अरोड़ा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, एसपीएस सुरेंद्र सलुजा, शोभित कपूर, हरीश पाहवा, राजकुमार महता, राजीव मोर, अंशुल, संदीप राणा, अनंत राम, रमेश कुमार, गौरव चावला, विजय बहल, कृष्ण मुंजाल, कुलबीर व कंचन उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 25-01-25 | 5 | 6-8 |

# लोकतंत्र का स्तंभ है मतदाता, मतदान अवश्य करें : प्रो. काम्बोज

हिसार, 24 जनवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मतदाता दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कुलपति सचिवालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें लोकतांत्रिक देश का नागरिक होने के नाते अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इस दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन गरिमा को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा या अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। कुलपति ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश की सरकार बनाने में सबसे बड़ी भूमिका मतदाताओं की होती है।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मतदाता दिवस की शपथ दिलाते हुए।

मतदाताओं को वोट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मतदाता लोकतंत्र का स्तंभ हैं। इसलिए हमें देश के लिए निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। देश में 18 साल की उम्र के हो चुके युवाओं को पहली बार मतदान करने का मौका मिले, इसके लिए निर्वाचन आयोग मतदाता दिवस के दिन उनकी पहचान कर ऐसे युवाओं को पहचान पत्र सौंप कर वोट देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए देश में सरकार बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए और अन्य लोगों को भी निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और विभागों में भी 15वें मतदाता दिवस के अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

## एचएयू में मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, कुलपति ने दिलाई शपथ

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, डॉ. वी.के. बतरा, एसवीसी कपिल अरोड़ा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, एसपीएस सुरेंद्र सलुजा, शोभित कपूर, हरीश पाहवा, राजकुमार महता, राजीव मोर, अंशुल, संदीप राणा, अनंत राम, रमेश कुमार, गौरव चावला, विजय बहल, कृष्ण मुंजाल, कुलबीर व कंचन उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 25.01.25 | ५ | 7-8 |

# हकृवि में मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, कुलपति ने दिलाई शपथ



*कुलपति प्रो.बी.आर.काम्बोज मतदाता दिवस की शपथ दिलाते हुए।*

हिसार, 24 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मतदाता दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कुलपति सचिवालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि हमें लोकतांत्रिक देश का नागरिक होने के नाते अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। वहीं विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और विभागों में भी 15 वें मतदाता दिवस के अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 25-01-25 | 3 | 7-8 |

## लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए करें मतदान



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शुक्रवार को मतदाता दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कुलपति सचिवालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें लोकतांत्रिक देश का नागरिक होने के नाते अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, डॉ. वी.के. बतरा, एसवीसी कपिल अरोड़ा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, एसपीएस सुरेंद्र सलुजा, शोभित कपूर, हरीश पाहवा, राजकुमार महता, विजय बहल, कृष्ण मुंजाल, कुलबीर व कंचन उपस्थित रहे। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 25-01-25 | 3 | 7-8 |

## लोकतंत्र का स्तंभ हैं मतदाता, मतदान अवश्य करें : काम्बोज



कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज मतदाता दिवस की शपथ दिलाते हुए • पीआरओ

**जासं • हिसार** : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज ने सभी को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें लोकतांत्रिक देश का नागरिक होने के नाते अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इस दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन गरिमा को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा या अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 24.01.25 | | |

## अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें नागरिक : कांबोज



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मतदाता दिवस की शपथ दिलाते हुए

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मतदाता दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें लोकतांत्रिक देश का नागरिक होने के नाते अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इस दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन गरिमा को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा या अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।


कुलपति ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश की सरकार बनाने में सबसे बड़ी भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं को वोट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मतदाता लोकतंत्र का स्तंभ हैं। इसलिए हमें देश के लिए निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। देश में 18 साल की उम्र के हो चुके युवाओं को पहली बार मतदान करने का मौका मिले, इसके लिए निर्वाचन आयोग मतदाता दिवस के दिन उनकी पहचान कर ऐसे युवाओं को पहचान पत्र सौंप कर वोट देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और विभागों में भी 15वें मतदाता दिवस के अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 25.01.25 | | |


# लोकतंत्र का स्तंभ हैं मतदाता, मतदान अवश्य करें : प्रो. बी.आर. कांबोज

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मतदाता दिवस की शपथ दिलाते हुए।

हिसार, 24 जनवरी : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मतदाता दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कुलपति सचिवालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि हमें लोकतांत्रिक देश का नागरिक होने के नाते अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इस दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन गरिमा को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा या अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

कुलपति ने कहा कि मतदाता लोकतंत्र का स्तंभ हैं।


इसलिए हमें देश के लिए निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और विभागों में भी 15वें मतदाता दिवस के अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, डॉ. बी.के. बतरा, एसवीसी कपिल अरोड़ा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, एसपीएस सुरेंद्र सलुजा, शोभित कपूर, हरीश पाहवा, राजकुमार महता, राजीव मोर, अंशुल, संदीप राणा, अनंत राम, रमेश कुमार, गौरव चावला, विजय बहल, कृष्ण मुंजाल, कुलबीर व कंचन उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 25.01.25 | | |

# लोकतंत्र का स्तंभ हैं मतदाता, मतदान अवश्य करें : प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज

## एचएयू में मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, कुलपति ने दिलाई शपथ



चिराग टाइम्स न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मतदाता दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कुलपति सचिवालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें लोकतांत्रिक देश का नागरिक होने के नाते अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इस दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन गरिमा को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा या अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

कुलपति ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश की सरकार बनाने में सबसे बड़ी भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं को वोट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मतदाता लोकतंत्र का स्तंभ हैं। इसलिए हमें देश के लिए निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

देश में 18 साल की उम्र के हो चुके युवाओं को पहली बार मतदान करने का मौका मिले, इसके लिए निर्वाचन आयोग मतदाता दिवस के दिन उनकी पहचान कर ऐसे युवाओं को पहचान पत्र सौंप कर वोट देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए देश में सरकार बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए और अन्य लोगों को भी निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और विभागों में भी 15वें मतदाता दिवस के अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, डॉ. वी.के. बतरा, एसवीसी कपिल अरोड़ा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, एसपीएस सुरेंद्र सलुजा, शोभित कपूर, हरीश पाहवा, राजकुमार महता, राजीव मोर, अंशुल, संदीप राणा, अनंत राम, रमेश कुमार, गौरव चावला, विजय बहल, कृष्ण मुंजाल, कुलबीर व कंचन उपस्थित रहे।